AIR INDIA

STAR ALLIANCE

# एअर इंडिया ने भारत के एकमात्र प्रीमियम इकोनोमी अनुभव को दर्शाने के लिए पेश किया नया कैंपेन, आज के आधुनिक यात्रियों के लिए आराम को दे रहे नया आयाम

- *पावरफुल टैगलाईन 'द प्रीमियम यू डिज़र्व' के साथ यह कैंपेन उन यात्रियों के लिए प्रीमियम इकोनोमी को बेहतरीन स्पेस के रूप में पेश करता है, जो आराम एवं देखभाल को महत्व देते हैं*
- *सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार यात्रियों की सोच में काफी बदलाव आए हैं, खासतौर पर छोटी उड़ानों के यात्री आराम को बहुत अधिक महत्व देने लगे हैं*

**गुरूग्राम 11 फरवरी, 2026:** भारत की अग्रणी ग्लोबल एयरलाईन एअर इंडिया ने अपने प्रीमियम इकोनोमी प्रोडक्ट के लिए 360–डिग्री कैंपेन का अनावरण किया, जिसे आज इनके 60 फीसदी एयरक्राफ्ट पर ऑफर किया जा रहा है।

यह कैंपेन 'द प्रीमियम यू डिज़र्व' भारत की एकमात्र प्रीमियम इकोनोमी को दर्शाता है, जो मात्र एक अपग्रेड से बढ़कर प्राथमिकता, स्पेस, देखभाल एवं गर्मजोशी से भरपूर स्वागत को महत्व देती है।

हाल ही में उपभोक्ताओं के साथ किए गए एक सर्वेक्षण के आधार पर पेश किया गया यह कैंपेन इस विचार पर आधारित है कि आराम अब सिर्फ लक्ज़री नहीं बल्कि उचित उम्मीद है। यहां तक छोटी उड़ानों में भी आराम सबसे ज़्यादा मायने रखता है, फिर चाहे वे अंतर्राज्यीय उड़ानें हों या छोटी दूरी की अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें। सर्वेक्षण में पाया गया है कि आज भारतीय यात्रियों की प्राथमिकताएं बदल रही हैं, 80 फीसदी यात्रियों के लिए आरामदायक यात्रा पहले से कहीं अधिक ज़रूरी हो गई है; 87 फीसदी यात्रियों का मानना है कि आराम को चुनना कोई दिखावा नहीं बल्कि व्यवहारिक है। इसके अलावा 93 फीसदी यात्रियों का कहना है कि लैंडिंग के बाद वे कैसा महसूस करते हैं, यह बहुत कुछ उड़ान के दौरान आराम क स्तर पर निर्भर करता है और 60 फीसदी यात्री छोटी उड़ान के दौरान भी ज़्यादा आराम के लिए थोड़ा ज़्यादा पैसा खर्च कर सकते हैं, फिर चाहे वह डोमेस्टिक उड़ान हो या छोटी दूरी की इंटरनेशनल उड़ान।

इस कैंपेन का दृष्टिकोण सरल लेकिन शक्तिशाली है, जो अपग्रेड को लक्ज़री या सुधार के रूप में नहीं बल्कि ज़रूरी एवं व्यक्तिगत अनुभव के रूप में पेश करता है।

यह कैंपेन मुख्य टचपॉइन्ट्स पर रोल–आउट किया जाएगा, और आराम एवं देखभाल के महत्व को दर्शाता है। एक्स्ट्रा लैगरूम से लेकर एनहान्स्ड रिक्लाईन तक; प्रायोरिटी चैक–इन से लेकर गॉरमे मील्स तक, यह कैंपेन प्रीमियम इकोनोमी द्वारा पेश किए जाने वाले ढेरों फायदों को दर्शाता है। इस कैंपेन के पीछे का विचार एकदम स्पष्ट है 'यह आसमान में आपका स्पेस है, वो प्रीमियम स्पेस जिसे आप डिज़र्व करते हैं'। कैंपेन 11 फरवरी से 31 मार्च 2026 तक जारी रहेगा।

एअर इंडिया ने हाल ही में अपने लेगेसी नैरोबॉडी फ्लीट के रेट्रोफिट को पूरा किया है, जिसके तहत विमान में तीनों क्लास के केबिन्स में बदलाव लाया गया है– बिज़नेस में लक्ज़री सीटें, प्रीमियम इकोनोमी में एक्स्ट्रा लैगरूम सीटें और इकोनोमी में आरामदायक सीटें– जो मेहमानों को बेहतर विकल्प प्रदान करती हैं।

अब एअर इंडिया अपने वाइडबॉडी एयरक्राफ्ट को रेट्रोफिट कर रही है, जिसमें पहला लेगेसी बी787–8 विमान रेट्रोफिट के बाद मार्च 2026 में फिर से फ्लीट में शामिल किया जाएगा। फ्लीट के सभी 26 बी787–8 विमान 2027 के मध्य तक रेट्रोफिट का काम पूरा कर लेंगे, जबकि बी777 विमान का रेट्रोफिट 2027 में शुरू होकर 2028 में पूरा होगा।

एयरलाईन ने हाल ही में नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर अपने पहले फ्लैगशिप लाउंज 'द महाराजा लाउंज' का अनावरण किया था। एअर इंडिया का यह अनुभव 'हवा में और धरती पर बदलाव' का संकेत है।

एअर इंडिया अपनी बदलाव की यात्रा को जारी रखे हुए है, इस बीच प्रीमियम इकोनोमी कैंपेन ब्राण्ड के बड़े बदलाव को दर्शाता है। एक ऐसा बदलाव जो दिखावटी लक्ज़री के बजाए सोच–समझ कर काम करने को

प्राथमिकता देता है तथा आराम को सबसे महत्वपूर्ण पहलु के रूप में प्रस्तुत करता है।

यह कैंपेन प्रिंट, टीवी, स्ट्रैटेजिक आउटडोर स्पेसेज़ एवं डिजिटल चैनलों जैसे यूट्यूब, ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, मेटा, ऊबर, स्पॉटीफाय सहित सभी प्लेटफॉर्म्स पर एवं टी20 वर्ल्ड कप के दौरान दिखाया जाएगा।

**Watch the campaign video here:**
https://www.youtube.com/watch?v=6biy9tNDDF0

**About Air India group**

The Air India group – comprising of full-service global airline, Air India, and value carrier, Air India Express – is spearheading a new era of Indian aviation. The Air India story began in 1932 when JRD Tata piloted the airline's inaugural flight and opened the skies for aviation in India. Today, Air India group employs more than 30,000 people, operates over 300 aircraft and carries customers to 57 domestic and 49 international destinations across five continents.

Returning to the Tata Sons in 2022 following 70 years under Government ownership, Air India group is in the midst of a five-year transformation program, Vihaan.AI. As part of the transformation, Air India has placed an order for 570 new aircraft. In 2024, sister airlines Air Asia India and Vistara were successfully merged into Air India Express and Air India, respectively, and the Airline opened South Asia's largest aviation training academy. A new flying school is scheduled to open in 2025, and construction of a greenfield maintenance base, to be operational in 2026, is underway. In addition to receiving new aircraft, all existing aircraft are progressively undergoing a full interior refit.

With transformation underway across all facets of the business and India's rich legacy of hospitality, Air India is committed to being a world class global airline with an Indian heart.

For more stories on Air India, visit http://www.airindia.com/newsroom

**PRESS CONTACTS**
**Air India**
Ravi Teja Sharma
raviteja.sharma@airindia.com

Anuj Bakshi/ Apoorva Bansal
airindia@adfactorspr.com